बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड

CIN- U31900BR1978SGC001317

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक 1074/2025

दिनांक 21/02/2025

सूचना

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रॉन) के आवेदक/उम्मीदवारो के संदर्भ में बायोमैट्रिक सत्यापन कराने हेतु फर्जी पत्र के संबंध में।

Social Media पर उपलब्ध एवं प्रचारित सूचना के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि निगम के फर्जी letter head आदि का इस्तेमाल करते हुए अज्ञात अवांछित व्यक्तियों द्वारा फर्जी पत्र संख्या BSEFCL/482/2025 दिनांक 11.02.2025 के द्वारा यह बताया जा रहा है कि बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रॉन) में सभी आवेदक उम्मीदवारों को बायोमैट्रिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है।

स्पष्ट करना है कि उपर वर्णित पत्र जो social media पर प्रचारित है एवं public domain में उपलब्ध है, पूर्णतः फर्जी है एवं इस निगम द्वारा निर्गत नही है। यह भी सूचित किया जाता है कि निगम द्वारा इस प्रकार का पत्र उक्त फर्जी पत्र के संबंध में individual उम्मीदवारों को निर्गत नहीं करता है। निगम द्वारा उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचनाएँ/निर्देश का प्रकाशन निगम के अधिकारिक वेबसाइट यथा https://bsedc.bihar.gov.in के माध्यम से किया जाता है।

उक्त फर्जी पत्र के संदर्भ में बेल्ट्रॉन की letter head की नकल करने वालो के विरूद्ध निगम पत्रांक 1002 दिनांक 18.02.2025 द्वारा शास्त्रीनगर थाना में डायरी नं० 496/25 dated 18.02.2025 दायर कर अपराधिक कार्यो के विरूद्ध शीघ्र कार्रवाई हेतु कहा गया है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृपया ऐसे सम्पर्को के झांसे में न आऐं। यदि किसी व्यक्ति से बेल्ट्रॉन के नाम पर अथवा अन्य किसी फर्जी तरीके से किसी भी प्रकार के चयन हेतु किसी प्रकार की अवैध सूचना प्राप्त होती है तो वे निगम के वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के माध्यम से इसकी संपुष्टि करते हुए स्थानीय थाने अथवा सक्षम प्राधिकार के समक्ष शिकायत दर्ज करें। आवेदकों से स्थानीय समाचार पत्र अथवा निगम के अधिकारिक वेबसाईट https://bsedc.bihar.gov.in पर प्रकाशित सूचना के आलोक में कार्रवाई करने की अपेक्षा की जाती है।

21-2-25

महाप्रबंधक